हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 4 मार्च 2026

04 हजारिया महादेव मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस...



07 आज मनेगी धूलेंडी, खूब उड़ेगा रंग गुलाल...





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर कन्याल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में एसडीएम कार्यालय गुना के सहायक ग्रेड 03 सुमित राठौर, पटवारी मेनका सोनी तथा लोक सेवा प्रबंधन विभाग से कार्यालय सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर गिरराज भारद्वाज को शासकीय कार्यो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय हैं कि प्रति माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने का नवाचार कलेक्टर द्वारा आरंभ किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले को प्रदेश व देश स्तर पर अग्रणी बनाने का प्रयास करें।

### कुंभराज में सनसनीखेज वारदात, एक्सीडेंट या सुनियोजित हत्या?



**गुना ।** जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत ग्राम रामा खेजरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग रामप्रसाद लोधा की पिकअप वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हालांकि, मृतक के परिजनों ने इसे महज एक हादसा मानने से इनकार कर दिया है। परिजनों का गंभीर आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही कुछ दबंगों ने सुनियोजित तरीके से बुजुर्ग पर वाहन चढ़ाकर उनकी हत्या की है।मृतक के बेटे लाल सिंह लोधा ने बताया कि गांव के कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है, जिसकी शिकायत उन्होंने 12, 16 और 28 फरवरी को भी थाने में दर्ज कराई थी। लाल सिंह का आरोप है कि 1 मार्च को आरोपी रामधन, राजकुमार, रामविलास, सतीश, राहुल और हरिबहादुर सहित अन्य लोगों ने घर आकर धमकी दी थी कि तू बार-बार पुलिस में शिकायत करता है, अब तेरे घर में किसी पर गाड़ी चड़वाकर मार डालेंगे। इस धमकी के अगले ही दिन सोमवार शाम करीब 5 बजे, जब रामप्रसाद लोधा चक्की पर आटा लेने गए थे, तभी उन पर तेज रफ्तार पिकअप चढ़ा दी गई।मृतक के भाई लाल सिंह लोधा ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि घटना के बाद जब वे थाने पहुंचे, तो पुलिस ने संवेदनहीनता दिखाते हुए कहा कि तुम ढोंग कर रहे हो। परिजनों का दावा है कि पहले तो रिपोर्ट लिखने में आनाकानी की गई, बाद में बड़े अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही मामला दर्ज हुआ। घायल रामप्रसाद को पहले कुंभराज अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें गुना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग की मौत के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने पहले ही जान के खतरे की आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को पकडक़र छोड़ दिया, जिससे उनके हौसले बुलंद हो गए। फिलहाल, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।

### होलिका दहन, होली और रंग पंचमीः रंगों के माध्यम से योग और आध्यात्मिक जागरणः- योगाचार्य महेश पाल

**गुना।** गायत्री मंदिर गुना में होली के अवसर पर योग सत्र के अभ्यास के दोरान योगाचार्य महेश पाल ने योग व रंगो के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए बताया कि होली का त्यौहार हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक एवं योगिक दृष्टिकोण से उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों की भूमि है। यहाँ हर पर्व केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश भी देता है।होलिका दहन, होली उत्सव और रंग पंचमी ऐसे ही पर्व हैं, जो हमें बाहरी रंगों के साथ-साथ भीतरी चेतना को भी रंगने की प्रेरणा देते हैं। यदि इन पर्वों को योग और आध्यात्म से जोड़ा जाए, तो ये हमारे जीवन में गहरा सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

# होली पर गुलाब की होली व हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।सभी कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि होली पर्व के बाद भी यदि कोई कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। इस संबंध में अपर कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने गुलाब की होली एवं हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील की। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। बैठक के अंत में कलेक्टर द्वारा




लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कन्याल ने जिले में संचालित HPV टीकाकरण अभियान की विस्तृत समीक्षा की। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क HPV टीका लगाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने जानकारी दी कि जिले में 07 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला अस्पताल गुना, सिविल अस्पताल आरोन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमौरी, म्याना, बीनागंज, राधौगढ़ एवं कुंभराज में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) टीकाकरण किया जा रहा है।जिले में 14 वर्ष आयु की लगभग 16,000 किशोरियों को चिन्हित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों का समाधान करने को कहा तथा 'जीरो पेंडेंसी' को प्राथमिक लक्ष्य बनाने पर बल दिया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु जन-सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

### सोमवार को शहर में हुआ होलिका का पारंपरिक दहन लोगों ने दीं एक दूसरे को शुभकामनाएं

**आज खिलेगा रंग**

# चंद्र ग्रहण के चलते मंदिरों के पट रहे बंद, सड़कों पर पसरा सन्नाटा






हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

होली के उत्साह के बीच पड़े चंद्र ग्रहण का असर शहर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। ग्रहण काल के दौरान अधिकांश मंदिरों के पट बंद रहे और श्रद्धालुओं ने घरों में ही पूजा-पाठ व मंत्र जाप किया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक लगने के बाद मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना स्थगित कर दी गई।ग्रहण के समय आम दिनों की अपेक्षा शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में भी चहल-पहल कम दिखाई दी।

कई लोगों ने ग्रहण समाप्ति के बाद ही घरों में साफ सफाई और शुद्धता करके स्नान आदि किया वहीं कुछ लोगों ने सुबह होने का इंतजार किया।हालांकि होली पर्व को लेकर दिन में बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की खरीदारी को लेकर रौनक बनी रही, लेकिन ग्रहण काल के दौरान गतिविधियां लगभग थम सी गईं।ग्रहण मोक्ष के बाद मंदिरों में शुद्धिकरण की प्रक्रिया की गई और पुनः पट खोलकर नियमित पूजा-अर्चना प्रारंभ की गई। इसी के चलते प्रातः कालीन आरती के समय में भी बदलाव किया गया था। धार्मिक आस्था और परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धालुओं ने संयम और श्रद्धा के साथ यह विशेष संयोग मनाया।

### देर रात हुआ होलिका दहन

सोमवार को शहर समेत अंचल भर में सैकड़ो स्थान पर होलिका दहन का आयोजन किया गया ।शहर की पारंपरिक होली और आधुनिक नवाचार के साथ चर्चित होलिकाओं पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते नाचते गाते रहे और होलिका दहन का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक वातावरण में हुआ ।यहां पर पहुंचकर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और गुलाल भी लगाया।

### आज जमेगा रंग उड़ेगा गुलाल

सोमवार को होलिका दहन के पश्चात दूसरे दिन मंगलवार को चंद्र ग्रहण का सूतक लग जाने के कारण इक्का-दुक्का लोगों को छोड़कर ज्यादातर लोग होली मनाने से कतराते रहे इतना ही नहीं लोगों ने अपने घरों से भी बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा सरकारी छुट्टी होने के कारण चहल-पहल दफ्तरों में भी नजर नहीं आई ।

बुधवार को रंग गुलाल खेलने के लिए लोगों ने तैयारी कर ली है और दिनभर होली की मस्ती में लोग चूर नजर आएंगे ।

वहीं पारंपरिक अंदाज में एक दूसरे के घर पहुंच कर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी देते हुए दिखाई देंगे। शहर में हुरियारों की टोलियां गुजरेंगी और पूरा शहर होली के रंग में शराबोर नजर आएगा।

## रंगों की फुहार में सराबोर हुआ गुना, जागृति मंच की बहनों ने आपस में गुलाल लगाकर खेली होली




रंग, उमंग और उल्लास के प्रतीक होली पर्व पर गुना रंगों में सराबोर नजर आया. पूरे जिले में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाया जा रहा है. इसी के अंतर्गत रंगों के पावन पर्व होली पर जागृति मंच की महिला सदस्यों ने सोनी कॉलोनी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया। जिसमें ब्रज की होली मनाते हुए गिरधर गोपी मंदिर में सर्वप्रथम राधा कृष्ण जी को गुलाल लगाया उसके उपरांत एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली का पर्व मनाया साथ ही एक दूसरे का मुंह मीठा कराया एवं होली के लोकगीत गाकर आनंद लिया। इस अवसर पर जागृति मंच की संस्थापक सुनीता अग्रवाल, अध्यक्ष नीरज अवस्थी, उपाध्यक्ष साधना नामदेव, सहसचिव ममता पालीवाल, मीडिया प्रभारी रेनू जैन, राजश्री श्रीवास्तव, राजकुमारी पंत सहित बड़ी संख्या में बहने उपस्थित रही।

## पुलिस चौकी के सामने ट्रॉली से निकले लाठी-डंडे और टूट पड़े लोग

आरोन थानांतर्गत खिरिया में देर रात विवाद के बाद अस्पताल में घायलों के बीच हुआ भारी हंगामा




हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिला अस्पताल परिसर मंगलवार को उस समय अखाड़े में तब्दील हो गया, जब अस्पताल चौकी और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में ही दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया में बीती रात हुए खूनी संघर्ष के बाद जिला अस्पताल इलाज कराने पहुंचे दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने हो गए। हमला इतना अचानक और ताबड़तोड़ था कि पुलिस को मोर्चा संभालकर बीच-बचाव करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।जानकारी के अनुसार, खिरिया निवासी बंजारा परिवार के सदस्य बीती रात हुए हमले के बाद जिला अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार को ये लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय अपनी शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे। तभी अस्पताल परिसर में उन्हें दूसरे पक्ष (यादव समाज) के दो-तीन लोग उपचार के लिए आते दिखे। उन्हें देखते ही बंजारा परिवार के लोग आवेश में आ गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली में पहले से छिपाकर रखे गए लाठी-डंडे निकालकर उन पर टूट पड़े। पुलिस चौकी के ठीक सामने हुई इस मारपीट से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और मरीज व उनके परिजन जान बचाकर भागने लगे।बंजारा परिवार के अनिल नायक ने बताया कि ग्राम खिरिया में उनकी 3 बीघा पट्टे की जमीन है, जिस पर सागर सिंह यादव और उसके साथी जबरन कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि सोमवार रात करीब 8 बजे सागर, नीरज, मुकुलराम, कमला और कबूल सहित अन्य लोगों ने लाठी, डंडे और फर्से से लैस होकर बंजारा बस्ती पर हमला कर दिया था। इस हमले में बंजारा परिवार के रामवीर, अनिल, पारो बाई, मेहरबान सिंह, मोहन सिंह और प्रकाश सिंह सहित एक दर्जन लोग घायल हुए। अनिल का आरोप है कि आरोन थाना पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके चलते वे एसपी से गुहार लगाने जा रहे थे। वहीं, यादव पक्ष के लोगों का कहना है कि उक्त जमीन उनकी है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को जब वे अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे, तो बंजारा पक्ष ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी मुस्तैदी नहीं दिखाते, तो अस्पताल परिसर में ही कोई बड़ी अनहोनी घटित हो सकती थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल जिला अस्पताल में सात घायल भर्ती हैं, जबकि चार अन्य का उपचार आरोन अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर अस्पताल परिसर में हथियारों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली कैसे पहुंची।

## ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

शहर के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान लक्ष्मण अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि लक्ष्मण अपनी पत्नी के मायके से न आने और ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दी जा रही प्रताडऩा के कारण मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने बताया कि लक्ष्मण की शादी महज 8-10 माह पहले आरोन क्षेत्र के ग्राम टंक में हुई थी। शादी के बाद वह अपनी पत्नी और सास-ससुर के साथ मजदूरी करने गुजरात गया था, लेकिन वहां उनके बीच आए दिन विवाद और मारपीट होती थी। ससुरालियों के व्यवहार से परेशान होकर लक्ष्मण एक महीने पहले ही वापस गुना आ गया था, जबकि उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। फोन पर भी उनका विवाद लगातार जारी था। घटना वाले दिन लक्ष्मण ने अपने छोटे भाई की पत्नी से ससुराल जाने की बात कहकर कपड़े धोने को कहा था। परिजनों को लगा कि वह पत्नी के पास ससुराल जा रहा है, लेकिन देर शाम उसने घर के भीतर ही फांसी लगा ली। परिजनों ने मृतक की पत्नी और ससुराल पक्ष पर प्रताडऩा के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### मासूम सपनों का दर्दनाक अंत

## 9वीं की छात्रा को नहाते समय लगा करंट

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा साफा में एक 15 वर्षीय किशोरी की करंट लगने से असामयिक मौत हो गई। मृतक प्रीति अहिरवार पुत्री आशाराम अहिरवार कक्षा 9वीं की छात्रा थी और आगामी 5 मार्च से उसकी वार्षिक परीक्षाओं का पेपर था। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, प्रीति सोमवार को दिनभर खेत पर फसल काटने (मजदूरी) गई थी। शाम करीब 7 बजे काम से लौटने के बाद वह नहाने के लिए बाथरूम में गई। उसी दौरान लाइट चली गई, तो वह अंधेरे के कारण होल्डर में बल्ब लगाने लगी। बाथरूम में पानी होने और बिजली के तारों में शॉर्ट-सर्किट की वजह से उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उसे तत्काल म्याना अस्पताल ले गए, जहां से उसे गंभीर हालत में गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रीति अपने तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। वह पढ़ाई में होनहार थी और परिवार की मदद के लिए मजदूरी भी करती थी। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान अस्पताल में शव वाहन की उपलब्धता न होने के कारण परिजन काफी समय तक परेशान होते रहे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी फुटेज भी नहीं जगा सके पुलिस को, जैन समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला से लाखों का माल पार

# एक ही धर्मशाला को तीन बार बनाया निशाना, जैन समाज ने एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

शहर में इन दिनों कानून व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। एक ओर चोरों ने शहरभर में कोहराम मचा रखा है, तो दूसरी ओर पुलिस की नाकामी और सुस्त कार्यप्रणाली ने अपराधियों के लिए रेड कारपेट बिछा दिया है।

ताजा मामला चौधरी मोहल्ला स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की निर्माणाधीन धर्मशाला यात्री निवास का है, जिसे चोरों ने अपना पसंदीदा ठिकाना बना लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि समाज द्वारा सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों के फोटो सौंपने के बावजूद कोतवाली पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

श्री दिगंबर जैन पंचायत ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार, पिछले दो महीनों के भीतर इस निर्माणाधीन धर्मशाला में चोरी की तीन बड़ी वारदातें हो चुकी हैं।

पहली वारदात 24 जनवरी को हुई थी, जिसमें बेसमेंट से लेकर चारों मंजिलों तक की बिजली वायरिंग और केबल कीमत लगभग 30 हजार रुपये चोरी हुई। इसके बाद चोरों के हौसले इतने बढ़ गए कि उन्होंने दोबारा धावा बोला और हाल ही में यात्री निवास से एसी के




कॉपर पाइप, बिजली बोर्ड और अन्य कीमती उपकरण पार कर दिए। इस बार चोरी गए सामान की कीमत 2 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं।

पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने कोतवाली टीआई से लेकर एसपी तक को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए हैं, जिनमें संदिग्ध चोर साफ नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके, पुलिस ने अब तक न तो किसी की गिरफ्तारी की और न ही संदिग्धों से पूछताछ करने की जहमत उठाई।

समाज का आरोप है कि पुलिस की इसी लापरवाह कार्यशैली के कारण चोरों ने एक ही स्थान पर तीन बार चोरी करने का दुस्साहस किया है।

### एसपी को सौंपा ज्ञापन दी आंदोलन की चेतावनी

पुलिस की निष्क्रियता से क्षुब्ध होकर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने दोटूक शब्दों में कहा कि यदि मंदिर और धर्मशाला जैसी पवित्र संपत्तियों पर हो रही चोरियों का खुलासा शीघ्र नहीं हुआ, तो समाज उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। आवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि चोर खिडक़ी और पल्ले के रास्ते अंदर दाखिल हुए और पूरी तसल्ली से लाखों का सामान समेट ले गए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी रहली जिला सागर (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र./0007/अ-20 (3)/2025-26.
ग्राम - वमूराजैसिह प.ह.नं. 021
रा.नि.मं. रहली तहसील रहली जिला सागर म.प्र.

**सार्वजनिक उद्घोषणा**
**(म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 की कंडिका 142 के अंतर्गत)**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम बगूराजैसिंह प.ह.नं. 021 र रा.नि.मं. रहली तहसील रहली जिला सागर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/संस्था मुख्य नगरपालिका अधिकारी रहली जिला सागर को ग्राम बमूराजैसिह पट.ह.नं 021 तहसील रहली जिला सागर स्थित भूमि खसरा नंबर 104/2/1/1(s) कुल रकवा 0.3395 हेक्टेयर भूमि, शासकीय मध्यप्रदेश शासन का गीता भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटन का प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त होकर प्रचलन में है। अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई दावा/आपत्ति / सुझाव हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/03/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।

**कुलदीप पाराशर**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**रहली जिला सागर (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### भाई दूज पर 5 को कक्षा 8 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे

**ललितपुर।** जनपद के कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में 5 मार्च 2026 को भाई दूज के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जारी किया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर होली पर्व के उपरांत आने वाले भाई दूज के त्यौहार पर अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया गया था। शिक्षक संघ की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए प्रशासन ने छुट्टी की मंजूरी दे दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल पर अनिवार्य रूप से लागू होगा।

### पैसों के विवाद में युवक पर हमला, पिता को पीटा

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम रिरौंदा में पैसों के विवाद को लेकर एक युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रिरौंदा निवासी अंशुल सिंह पुत्र सुजान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका गांव के धर्मेंद्र सेन से पैसों को लेकर विवाद हुआ था, जो उस समय शांत हो गया था। आरोप है कि बाद में जब अंशुल सिंह रात में अपने घर से दूसरे घर सोने जा रहे थे, तभी रास्ते में धर्मेंद्र सेन ने उन्हें घेर लिया और जमीन पर पटककर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर अंशुल के पिता सुजान सिंह बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

### रंजिश में मारपीट कई लोग घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमल सेन निवासी ग्राम (थाना महरौनी) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर उनके घर के बाहर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में कोमल सेन सहित अन्य लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ललोन निवासी महपाल सिंह ने थाना महरौनी में दी तहरीर में बताया कि 20 फरवरी 2026 को उनके पिता राजेन्द्र सिंह अपने खेत से पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चिरौला और ललोन गांव के बीच पहुंचे, तभी चिरौला की ओर से आ रही मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.ई.7050) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों के अनुसार उपचार में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में थाना महरौनी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मां शारदा बिहार कॉलोनी में मिलन समारोह, रंग-गुलाल व मस्ती के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

मां शारदा बिहार कॉलोनी (हैरीटेज कॉलोनी) में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़ी ही भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन एवं महिला मंडल अध्यक्ष अनीता मोदी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में होली के पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बताया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका निर्देशन अंतिम जैन द्वारा किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। यह पूरा कार्यक्रम विभा ताम्रकार एवं पूनम राठौर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति ताम्रकार, रजनी बुंदेला, ऊषा शर्मा, ममता पुरोहित, अलका मित्तल, मोना सेन, शशि जैन सहित समस्त कॉलोनी के लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियाँ बांटीं।



### श्रद्धालुओं में भारी रोष, मंदिर सेवा समिति ने एसपी से लगाई गुहार

# हजारिया महादेव मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस के हाथ अब भी खाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

जनपद के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम बांसी में स्थित प्राचीन श्री श्री 1008 श्री हजारिया महादेव एवं शनि मंदिर में हुई बड़ी चोरी का खुलासा न होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी रोष है। मंदिर सेवा समिति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती 20 फरवरी 2026 (शुक्रवार) की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर से लगभग 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के कीमती आभूषण और दान पात्र में रखी भारी नकदी पार कर दी। मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि घटना के अगले ही दिन 21 फरवरी को थाना जखौरा में साक्ष्यों के साथ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई थी। लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग लगाने में नाकाम रही है। चोरी की इस घटना से मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों और स्थानीय जनमानस की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। समिति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए ताकि चोरी गया सामान बरामद हो सके और दोषियों को सजा मिल सके। ज्ञापन देते समय विजय, नरेश कुमार, रवीन्द्र कुमार, भैयालाल पुलैया, मोहन गुप्ता, मोहन लाल कुशवाहा, सुरेन्द्र योगी, पवन, विनोद गुप्ता, निशान्त, पुष्पेन्द्र सोनी, आकाश, सत्येन्द्र, गोपाल सोनी, आकाश, प्रदीप, राघवेन्द्र, रोहित, राहुल सुमन, रामस्वरूप, रिंकू, धर्मेंद्र, अरूण गंगेले, राघवेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, संजय नामदेव, अभिषेक गुप्ता, श्याम बिहारी, प्रहलाद खटीक, रितेश गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, शिवराज, डम्पी राजा, सुजान सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।



### घर में घुसकर जानलेवा हमला किया, कार्रवाई की मांग

**ललितपुर।** नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष पर घर में घुसकर किए गए जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित पक्ष ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में पीड़ित ने बताया कि वह सिलाई कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे जब वह अपने घर से मोटरसाइकिल निकाल रहे थे, तभी सामने खड़े ई-रिक्शा को हटाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात पर ग्राम बस्तगुवा थाना बार निवासी कुछ लोगों ने एक राय होकर उनके पुत्र ओम नामदेव एवं भतीजे अरुण नामदेव के साथ मारपीट की। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आईं, जबकि ओम के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना डायल 112 व स्थानीय पुलिस को दी गई थी, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि इसके उलट पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा विपक्षियों से मिलीभगत कर पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया और सुबह करीब 6 बजे घर से घसीटकर अपमानित करते हुए चालान कर दिया गया। बाद में परिजनों ने थाना जखौरा पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराई गई, जिसके बाद घटना की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पंचायत चुनावों के लिए हुंकार

## आप ने केजरीवाल व सिसोदिया की रिहाई का जश्न मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

कचहरी परिसर में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के कोर्ट से बरी होने पर खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही, आगामी पंचायती चुनावों को लेकर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि, बुंदेलखंड प्रांतीय अध्यक्ष विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व की रिहाई से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी पंचायती चुनावों में जिले की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी और जीत हासिल करेगी। चुनाव से पूर्व संगठन को धार देने के लिए सघन अभियान चलाकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी (एडवोकेट) ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की ईमानदार छवि और दिल्ली-पंजाब के विकास मॉडल से जनता प्रभावित है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले में आम आदमी की सेवा करना और आगामी विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी बात लखनऊ तक पहुँचाना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार किसान, गरीब या किसी भी वर्ग के विरोध में कार्य करेगी, तो पार्टी जनहित में पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी। सम्मेलन के दौरान पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार जैन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रमेश कुमार झां, गणेशराम रजक, प्रमोद नामदेव, नगर अध्यक्ष मीना राजा और मनीष जैन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष विवेक जैन, जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, कैलाश नारायण, महेंद्र पाराशर, भगवती, संमन प्रजापति, वीरेंद्र जैन, संजय दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंघई, अनिल जैन, कपिल तिवारी, कृष्णपाल यादव, निहाल यादव, जानकी प्रसाद बौद्ध और हरेंद्र झा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हनुमान जयंती पर होंगे आठ दिवसीय भव्य कार्यक्रम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की बैठक पं. बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2 अप्रैल को मनाए जाने वाले हनुमान जयंती महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।

समिति द्वारा आयोजित 8 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत 1 अप्रैल की रात्रि से श्रृंगार, श्रीसुंदरकांड पाठ एवं जन्मोत्सव के साथ होगी। 2 अप्रैल को सुबह हवन तथा सायं 5 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सदर काटा, पानी की टंकी, रावरपुरा, महावीरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, आजाद चौक और वीर सावरकर चौक होते हुए तुवन मंदिर पर समापन करेगी। इसके बाद 3 व 4 अप्रैल को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 व 6 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 7 अप्रैल को सम्मेलन तथा 8 अप्रैल को सत्यनारायण कथा का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संचालक रमेश कुमार रावत, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भारत रिछारिया, संयोजक जगदीश पाठक, के.के. साहू, शिवकुमार शर्मा, अवधेश कौशिक, शुभम कौशिक, धर्मेंद्र चौबे, कृष्णकांत तिवारी, मोनू झा, अखिलेश साडिल, रितेश सिंघाई, मुन्नालाल त्यागी, महेश नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# दुकान पर युवक ने मारपीट की, जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर



शहर के व्यस्ततम ढुरा बाजार क्षेत्र में एक दुकानदार के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सदर चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित नदी पहले पार निवासी रिहान पुत्र मो. अजीज ने पुलिस को बताया कि 02 मार्च 2026 की दोपहर करीब 12.30 बजे वह बुरा बाजार स्थित अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान नदीपुरा निवासी कुछ लोग वहां आए और बिना किसी कारण के भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब रिहान ने इसका विरोध किया, तो उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायती पत्र के अनुसार, शोर-शराबा होने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं, जिससे उसे और उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी विपक्षियों पर होने की बात कही है और पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व नपाध्यक्ष बट्टू दादा की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई



**ललितपुर।** ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं. अशोक पटेरिया बट्टू दादा की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ सोमवार को मेडिकल कॉलेज ललितपुर परिसर में धूमधाम के साथ मनाई गई। ब्राह्मण महामंडल के तत्वावधान में आयोजित इस अवसर पर अन्नपूर्णा भोजनालय में निर्धन, गरीब, असहाय एवं तीमारदारों को निशुल्क भोजन कराया गया। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी, परिवारजनों एवं शुभचिंतकों सहित केक काटा।वहीं उपस्थित उनके शुभचिंतकों ने पं. अशोक पटेरिया बट्टू दादा को उनकी 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पचास वर्षों का यह पावन दांपत्य जीवन प्रेम, विश्वास, त्याग और सेवा की जीवंत मिसाल है। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष के रूप में उनका निस्वार्थ योगदान सदैव समाज को प्रेरित करता रहा है। वक्ताओं ने कहा कि बट्टू दादा का नाम ललितपुर में किसी पद या कुर्सी से बड़ा है, जो उनकी सादगी, लोकप्रियता और समाजसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। ललितपुर के विकास में उनकी भूमिका अतुलनीय है। अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घ और सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।

### राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया

# स्पाइन सर्जरी पर उच्चस्तरीय सीएमई, आधुनिक तकनीकों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

ऑर्थोपेडिक क्लब द्वारा मेदांता हॉस्पिटल नोएडा के सहयोग से स्पाइन सर्जरी के आधुनिक उपचार, तकनीकी नवाचार और मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच पर एक महत्वपूर्ण राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थानीय होटल में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञता के चिकित्सकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के डीन एवं प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएमए अध्यक्ष डा. राजकुमार उपस्थित रहे। विशेष अतिथि वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा. आर.के. अग्रवाल, डा. डी.के. राज, एलओसी उपाध्यक्ष डा. एम.सी. गुप्ता तथा आईएमए सचिव डा.विकास जैन रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेडांता नोएडा के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डा.यशपाल सिंह बुंदेला ने दा रोल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मल्टीडिस्किपलिनरी टीम्स इन ऑप्टिमाइजिंग स्पाइन सर्जरी आउटकम्स विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक इमेजिंग, मिनिमली इनवेसिव तकनीकों, टीम-आधारित उपचार और समयबद्ध पुनर्वास की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालन (मॉडरेशन) ऑर्थोपेडिक क्लब के सचिव डा.आकाश खैरा ने किया।



शैक्षणिक बैठक में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। इनमें फिजिशियन डा.पवन सूद व डा.विनय सोनी, ईएनटी विशेषज्ञ डा.अनुपम मिश्रा, एनेस्थेटिस्ट डा.खेमचंद वर्मा, डा.सोनिया व डा. निकेता, सर्जन डा.विशाल जैन, डा.सुधीर राजक, डा.मोहित नाजा व डा.प्रतीक सिंघई, बाल रोग विशेषज्ञ डा. सुनील बरैया, डा.आलोक तिवारी, डा.मनीष गुप्ता, डा.डी.बी. सिंह व डा.अभ्युदय शर्मा तथा रेडियोलॉजिस्ट डा. शिखा नाजा शामिल रहे। साथ ही क्लब के सदस्य डा.सौरभ साहू, डा.के.के.मिश्रा और डा. मनोज वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रभात चौहान, शेष, शिवम पांडेय और ओमकारन सिंह गौर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डा.मयंक शुक्ला (मानद सदस्य) ने क्लब को उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन से मिली आधिकारिक संबद्धता पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्रीय चिकित्सा विकास, शैक्षणिक गतिविधियों और बेहतर रोगी सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का समापन आपसी वैज्ञानिक चर्चा एवं रात्रि भोज के साथ हुआ। उपस्थित चिकित्सकों ने आयोजन को ज्ञानवर्धक और क्षेत्रीय चिकित्सा समन्वय को मजबूत करने वाला बताया।

### चंद्रग्रहण के चलते एक दिन बाद मनेगी धूलेंडी

# आज मनेगी धूलेंडी, खूब उड़ेगा रंग गुलाल, मस्ती में झूमेंगे हुरियारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

होली के रंगबिरंगे त्यौहार की शुरूआत यूं तो सोमवार को होलिका दहन के साथ हो गई है, मगर चंद्रग्रहण के चलते मंगलवार को नहीं मनाई गई धूलेंडी बुधवार को शहर समेत जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान जमकर रंग-गुलाल उड़ेगा और हुरियारे होली की मस्ती में झूमते नजर आएंगे। होली की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध जुटाए गए है। शहर समेत जिलेभर में पुलिस की मोबाइल टीम लगातार घूमते हुए निगरानी करेगी। वहीं शहर में कई स्थानों पर पुलिस की चैकिंग पार्टी तैनात रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन ड्रोन के जरिए भी शहर में निगरानी करेगा।

वैसे तो धूलेंडी होलिहा दहन के दूसरे दिन मनाई जाती है,लेकिन इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन 3 मार्च को चंद्रग्रहण पडा। इसलिए मंगलवार को धूलेंडी नहीं मनाई गई है। ऐसा पहली बार हुआ है कि होलिका दहन के दूसरे दिन चंद्रग्रहण पडा है। जिसके चलते धूलेंडी एक दिन बार यानि 4 मार्च बुधवार को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। होली को अपने अपने तरीके से मनाए जाने के लिए सभी लोगो ने खासकर युवाओं ने पहले से तैयारियां कर रखी है। बुधवार की सुबह जैसे ही होली का उल्लास शुरू होगा,वैसे ही युवाओं की टोलियां सडकों पर आकर धूम मचाती नजर आएगी। जिला मुख्यालय के अलावा प्रेमसर, सोंईकलां, दांतरदा, मानपुर, ढोढर, विजयपुर, कराहल और बडौदा,पांडोला में भी होली के बाद मनाई जाने वाली धूलेंडी बुधवार को पूरे उल्लास के साथ मनाई जाएगी।



### 100 साल बाद होली पर चंद्रग्रहण,दिनभर बंद रहे मंदिरों के पट



रंगो के त्यौहार होली पर करीब 100 साल के बाद चंद्रग्रहण का साया नजर आया है। 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के चलते धूलेंडी नहीं मनाई गई। चंद्रग्रहण का सूतक मंगलवार की सुबह 6 बजकर 22 मिनट से शुरू हो गया है। इसलिए मंदिरों के पुजारियों ने भगवान की पूजा अर्चना 6 बजे के पहले ही कर ली और सूतक शुरू होने से पहले मंदिरों के पट बंद कर दिए और दिनभर मंदिरों के पट बंद बने रहे। चंद्रग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शुरू हुआ, जो शाम 6 बजकर 47 मिनट पर जाकर पूरा हुआ।चंद्रग्रहण के समाप्त होने के बाद ही मंदिरों में शुद्धिकरण किया गया। इसके बाद मंदिरों पर नित्य की भांति पूजा और आरती की गई। जिसके चलते दिनभर सूने बने रहे मंदिरों में सायंकाल बाद ही रौनक लौटी दिखाई पडी। ग्रहण के दौरान श्रद्धालुओ ने घर में ही बैठकर भजन कीर्तन किए।

### बंदियों को भाईदूज पर तिलक लगाने बहनों को जेल से ही मिलेंगे हल्दी, कुमकुम और चावल

होली की भाईदूज के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में बंदियों को तिलक लगाने आने वाली बहनों के लिए हल्दी के साथ ही कुमकुम, अक्षत और चावल आदि तिलक सामग्री जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। जेल अधीक्षक श्योपुर प्रभात कुमार ने बताया कि जेल में निरूद्ध बंदियों को होली की भाईदूज 5 मार्च के अवसर पर बहनो द्वारा टीका करने के लिए खुली मुलाकात का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा टीके के लिए थाली उपलब्ध कराई जायेगी, जिसमें हल्दी, कुमकुम, अक्षत, चावल आदि सामग्री रहेगी। बहने अपने साथ भाईयों का मुंह मीठा कराने के लिए 250 ग्राम मिठाई अथवा गजक या फिर सोनपपडी ला सकती है। इसके अलावा अन्य कोई सामग्री ले जाने की अनुमति नही रहेगी। जेल नियमों के अनुसार मोबाइल, रूपये, पर्स तथा मादक पदार्थ आदि प्रतिबंधित रहेगे।

### दिन भर नहीं उठी होलिका दहन की राख,आज त्यौहार में बनेगी बाधा



सोमवार की रात जलाई गई होली की राख नगरपालिका द्वारा मंगलवार को दिनभर नहीं उठाई गई जबकि बुधवार को धुलेंडी होने के चलते होली खेली जानी है जिसके चलते होली के रंगों में नगरपालिका की लापरवाही से परेशानी का सबब बनना तय है। श्योपुर शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ था जहां-जहां होलिका दहन किया गया था वहां पर नगर पालिका ने रोड को नुकसान से बचाने के लिए मिट्टी डलवाई थी। डाली गई मिट्टी के ऊपर होली जलाने का काम सोमवार की रात किया गया। रात भर होली जलने के बाद सुबह जब राख बन गई तो उसे उठाकर फेक जाने की जिम्मेदारी नगर पालिका की थी हमेशा होली जलाने के बाद सुबह होली खेली जाती रही है जिससे होलिका की राख को होली वाले दिन उठाना संभव नहीं होता था लेकिन इस बार गृहण पड़ने के कारण होलिका दहन के दूसरे दिन नहीं तीसरे दिन यानी मंगलवार के बजाए बुधवार को होली खेले जाने का निर्णय लिया गया। लेकिन शायद नगर पालिका यह भूल गई कि होली के बीच में गैप पड़ जाने से मंगलवार को उसे होलिका की राख उठाकर ले जानी है। जिससे दिन भर राख के गुबार बाजार में उड़ते रहे।

### एक माह पहले हुआ था फेर बदल आज तक नहीं छोड़ा मुख्यालय

# पटवारी का मुख्यालय प्रेम चर्चा में, नहीं माने एसडीएम के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

क्या एसडीएम के निर्देश की कोई पटवारी अवहेलना कर सकता है? व्यावहारिक रूप से माने तो यह संभव नहीं है क्योंकि एसडीएम अनुभाग का प्रमुख अधिकारी होने के साथ साथ पटवारी का नियोक्ता अधिकारी होता है। एसडीएम को पटवारी की नियुक्ति करने के साथ-साथ उसकी सेवा खत्म करने के अधिकार भी प्राप्त है। इसके बावजूद विजयपुर अनुभाग क्षेत्र में ऐसा होते देखा जा रहा है। दरअसल विजयपुर एसडीएम ने 29 जनवरी 2026 को कार्य व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कुछ पटवारियों को इधर से उधर किया था। एसडीएम के द्वारा बनाई गई इस नई व्यवस्था के तहत बाकी पटवारियों ने तो अपने अपने नए हलकों में ज्वाइनिंग देकर काम शुरू कर दिया लेकिन अगरा पटवारी हल्का विजयपुर मुख्यालय में पदस्थ पटवारी आदिराम बघेल जिसे विजयपुर से हटाकर अगरा पदस्थ किया ने हल्के में पदस्थ हुए पटवारी वीरेंद्र गुप्ता को आज तक प्रभार नहीं सौंपा है और न ही अगरा पहुंचकर खुद प्रभार लिया है। इससे लोगों में पटवारी की दबंगता के चर्चे होने लगे हैं।

विजयपुर एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने 29 जनवरी को एक आदेश जारी करते हुए कार्य एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 4 पटवारियों को इधर से उधर किया था जिसमें विजयपुर मुख्यालय वाले हल्के में पदस्थ पटवारी आदिराम बघेल को विजयपुर से हटाकर उसे अगरा पदस्थ किया गया था तथा उनके स्थान पर अगरा में पदस्थ पटवारी वीरेंद्र गुप्ता को विजयपुर हल्के का प्रभार दिया गया था। एसडीएम के आदेश के बाद बाकी पटवारी तो अपने अपने हलकों में पहुंचकर काम कर रहे हैं लेकिन आदिराम बघेल ने एक माह गुजरने के बाद भी संबंधित पटवारी को बस्ता नहीं सौंपा है इससे एसडीएम के निर्देश की पटवारी द्वारा की जा रही अवहेलना की नगर में खूब चर्चा में है। इस संबंध में एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा का कहना है कि कार्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ पटवारियों के हल्के फेर बदल किए गए थे वे सब अपने नए हलकों में काम कर रहे हैं अगर किसी ने इस निर्देश की अवहेलना की है तो मैं दिखाता हूं।

# जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित, 6 उपाध्यक्ष, 10 महासचिव बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कांग्रेस जिला मांगीलाल फौजी ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है जिसमें 6 उपाध्यक्ष और 10 महा सचिव बनाए गए हैं। विधायक बाबू जंडेल की सहमति उपरांत पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की अनुशंसा के बाद घोषित की गई कार्यकारिणी में जहां संजीव कुशवाह का नाम पूर्व की तरह जिला संगठन महा सचिव पर अंकित है,इसके अलावा हंसराज मीणा, रितेश तोमर, मोहम्मद चीनी कुरैशी, रामदयाल दोनावत, रामअवतार जोशी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। अशोक कुशवाहा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है जबकि दिनेश सिंह सिकरवार, कैलाश गर्ग, रामचरण मीणा, रीना मीणा, मानसिंह राठौर, गुरुविन्द्र सिंह सोहल, ब्रजेश सिंह गहरवार, राजकुमार सिंह जादौन, अरविन्द सिंह जाट, कुबेर सिंह भिलाला, पवन चतुर्वेदी को महा सचिव बनाया गया है। इसके अलावा टूण्डाराम आदिवासी, दिनेश दीक्षित, डॉ शिवराम शिवहरे, रामचरण मीणा, हरिमोहन बैरवा महेश माली, धारा सिंह मीणा, रामहेत धाकड़, अशोक गौड को सचिव बनाया गया है। बृजेश बंसल को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।



### मोहम्मद चीनी समर्थकों ने जताया आभार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी को जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनाए जाने पर उनके समर्थकों ने विधायक बाबू जंडेल के निवास पर पहुंच कर विधायक एवं जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी का आभार जताते हुए उन्हें उनका माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान मोहम्मद चीनी कुरेशी भी मौजूद रहे।

## रामेश्वर में मौजूद धार्मिक स्थलों का होगा जीर्णोद्धार, प्रशासकीय समिति गठित

**श्योपुर।** रामेश्वर त्रिवेणी संगम तीर्थक्षेत्र में स्थित विभिन्न देवस्थानों रामेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर तथा इन देवस्थानों के परिसर में स्थित विभिन्न लघु देवस्थानों सिद्ध संतों-महापुरूषों की समाधियों, छत्रियों, बावड़ी, धर्मशालाओं एवं अन्य भवनों का जन सहयोग के माध्यम से अब जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए समाज नागरिको ने प्रशासन के साथ मिलकर कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भी एक प्रशासकीय समिति का गठन भी कर दिया है। यह समिति अपर कलेक्टर श्योपुर के पर्यवेक्षण में कार्य करेंगी। इस समिति में एसडीएम श्योपुर, अधीक्षक राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य श्योपुर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार श्योपुर अथवा नायब तहसीलदार मानपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत श्योपुर, रेंज ऑफीसर, राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य गेम रेंज सबलगढ़, पीएन राठौर, उपयंत्री, जनपद पंचायत श्योपुर, राजेश राठौर, आर्किटेक्ट श्योपुर, पुजारी मंदिर रामेश्वर महादेव जी/मंदिर लक्ष्मीनारायण जी, राजस्व निरीक्षक मानपुर / पटवारी मानपुर तथा सचिव, ग्राम पंचायत मानपुर को शामिल किया गया है। यह समिति तीर्थक्षेत्र में तीर्थ यात्री श्रद्धालुओं के लिये सुविधायें विकसित करने एवं अन्य आनुसांगिक कार्यों को कराने इन कार्यों की सतत निगरानी और समीक्षा भी करेंगी। जीर्णोद्धार, संधारण, अनुरक्षण कार्य स्वैच्छिक जन सहयोग से प्राप्त राशि एवं सामग्री से कराया जायेगा। जनसहयोग से प्राप्त होने वाली राशि एवं सामग्री की विधिवत रसीद प्रदान की जायेगी तथा प्राप्त होने वाली राशि भारतीय स्टेट बैंक शाखा स्टेशन रोड स्थित श्योपुर स्थित खाता नंबर 63033394725 में जमा कराई जायेगी। कार्यों पर हुये व्यय का भुगतान अनुविभागीय अधिकारी श्योपुर की मांग अनुसार किया जायेगा। प्राप्त होने वाली निर्माण सामग्री को भी स्टोर बनाकर सुरक्षित रखा जायेगा, प्राप्त राशि एवं सामग्री का हिसाब (लेखा) व समय-समय पर जनसमुदाय में से गठित श्री रामतीर्थ रामेश्वर त्रिवेणी संगम सेवा समिति के संज्ञान में भी लाया जायेगा। कार्यो की मासिक प्रगति का प्रतिवेदन अपर कलेक्टर के माध्यम से कलेक्टर को प्रस्तुत किया जायेगा।

# जेसीआई ने प्रेरणा वृद्धाश्रम में मनाया पर्व, बुजुर्गों के साथ खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जेसीआई श्योपुर का होली मिलन समारोह प्रेरणा वृद्धाश्रम में मनाया गया। इस कार्यक्रम में जेसीआई सदस्यों ने परिवार संग शामिल होकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनका सम्मान करते हुए उनके साथ फूलो की होली खेलकर उत्सव की खुशिया साझा की। जेसीआई अध्यक्ष जेसी जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सभी वृद्ध जनों को आदरपूर्वक भोजन कराते हुए उनका आशीर्वाद भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में यश दीक्षित, गोपाल मित्तल, हितेंद्र हाडा, रोहित शर्मा और महावीर शिवहरे, राहुल कुमार गुप्ता, श्याम सुन्दर शर्मा, लोकेश गुप्ता,दिनेश शाहू, मुकेश गोयल, दीपक सिंगल, दीपक अग्रवाल, योगेश गर्ग, जगदीश गर्ग, नकुल सोनी, कुबेर गोयल आदि सदस्य भी मौजूद रहे।

### बच्चों के लिए खेल और संगीत की धूम

होली मिलन के इस अवसर पर जेसी परिवार के सदस्यों के बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल (गेम्स) आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दूसरी ओर, जेसीआई सदस्यों ने होली के पारंपरिक और होली के भगति बाले गीतों पर जमकर नृत्य (डांस) किया। संगीत की धुनों पर सभी सदस्य हर्ष और उल्लास के साथ झूमते नजर आए।

### श्योपुर जिले की 8700 किशोरियों को लगाया जाएगा टीका, 12 केन्द्रों पर चल रहा टीकाकरण

# चार दिन में 153 किशोरियों को लगा एचपीव्ही टीका, अब कैंसर नहीं कर पाएगा वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

14 से 15 साल तक की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए शासन की ओर से टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। देश व्यापी इस टीकाकरण अभियान की शुरूआत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से की गई। उसी दिन श्योपुर जिले में भी इस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले के 12 केन्द्रों पर यह टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। चार दिन में श्योपुर जिले की 153 किशोरी बालिकाओं को एचपीव्ही का टीका लगाया जा चुका है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान तीन माह तक चलाया जाएगा। इस टीकाकरण अभियान के तहत श्योपुर जिले की 8700 किशोरी बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। 28 फरवरी से 3 मार्च तक यह टीका श्योपुर जिले के 153 बालिकाओं को लगाया जा चुका है। शेष किशोरियों को भी यह टीकाकरण लगाया जाएगा। टीकाकरण का यह लक्ष्य मार्च, अप्रैल और मई माह में पूरा करना है।



### 12 टीमें कर रहीं टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा ने बताया कि यह टीका लगने के बाद किसी बालिका की सर्वाइकल कैंसर की बीमारी से मौत नहीं होगी। श्योपुर जिले में इस टीकाकरण के लिए 12 टीमो का गठन किया गया है। 12 टीमे अलग अलग टीकाकरण केन्द्रों पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर किशोरी बालिकाओं को टीके लगाने का काम कर रही है। डॉ मीणा ने बताया कि जिले में एचपीव्ही टीकाकरण के लिए 12 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है,जिनमें जिला अस्पताल श्योपुर, संजीवनी क्लीनिक श्योपुर, सीएचसी कराहल, बडौदा, विजयपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वीरपुर, रघुनाथपुर, सहसराम, मानपुर, ढोढर, प्रेमसर तथा बरगवां शामिल है।

# पाइप लाइन बिछाने के बाद खुदे रोड का मेंटेनेंस करना भूली परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर की ऑफिसर कॉलोनी बस्ती वासियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए उनकी बस्ती को जोड़ने वाली खुदी पड़ी सड़क का मेंटेनेंस करने की मांग की है।विजयपुर के ऑफीसर कॉलोनी निवासी अतुल मेवरा ने बताया कि ऑफीसर कॉलोनी के मुख्य द्वार पर नगर परिषद ने पूर्व में जो पाईप बिछाने के उद्देश्य से रोड को खोदा है उसका नगर परिषद शायद मेंटेनेंस कराना भूल गई है। रोड खुदा होने के कारण कॉलोनीवासियों का बस्ती में आवागमन में बहुत मुश्किल हो गया है। बस्तीवासियों ने इसकी जानकारी से कई बार नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश कुशवाह को अवगत करा दिया गया है लेकिन उनके द्वारा भी इस समस्या को गम्भीरता से नहीं लिया गया। बस्ती वासियों ने सीएमओ से ऑफीसर कॉलोनी के मुख्य रोड जहां पाईप लाईन बिछाने के कारण खुदाई की गई थी का मेंटेनेंस कराने की मांग की है। अतुल ने चेतावनी दी है कि अगर रोड का मेंटेनेंस नहीं किया गया तो वह अनशन पर बैठ जाएगा।



### शासन द्वारा छुट्टी घोषित करने के बाद भी खोले गए आंगनबाड़ी केंद्र

# सरकारी आदेश के खिलाफ निकला महिला बाल विकास विभाग का फरमान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

3 मार्च को चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाने के कारण शासकीय छुट्टी को बढ़ाकर 3 मार्च से 4 मार्च तक का कर दिया गया। शासन स्तर से जारी किए गए छुट्टी बढ़ाने के इस निर्देश की पालना कलेक्टर अर्पित वर्मा ने भी स्थानीय स्तर पर आदेश निकालकर की। 3 और 4 मार्च की छुट्टी घोषित होने के बावजूद महिला बाल विकास विभाग में 3 मार्च को जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाए और उसमें कार्यकर्ता उपस्थित हो इसकी मॉनीटरिंग के लिए फोटो भी खिंचवाकर मंगवाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा शासन के खिलाफ विभाग द्वारा दिए गए इस तुगलगी फरमान की भर्त्सना आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिकाओं द्वारा की जा रही है।

मंगलवार को जब सभी सरकारी दफ्तर स्कूल इत्यादि बंद थे तब जिले की सभी आंगनबाड़ियों में बच्चों की किलकारियां गूंज रही थीं। दरअसल महिला एवं बाल विकास विभाग ने सीडीपीओ और सुपरवाइजर के माध्यम से सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एवं व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज डालकर बता दिया कि मंगलवार को छुट्टी नहीं है आंगनबाड़ी केंद्र खोलने पड़ेंगे व्हाट्सएप ग्रुप में इसको लेकर कई कमेंट भी कार्यकर्ताओं ने डाले लेकिन सेक्टर सुपरवाइजरों ने बता दिया कि जो कार्यकर्ता केंद्र पर नहीं जाएगी उसका मानदेय तो कटेगा ही साथ ही नोटिस देकर सेवा से पृथक करने के कार्रवाई की जाएगी। इस डर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने छुट्टी वाले दिन भी केंद्र पर पहुंचकर काम किया इस दौरान बच्चों को समूह द्वारा भरोसा गया भोजन नाश्ता खिलाने के साथ अन्य गतिविधियां भी कराई गई। केंद्र पर आए हितैषियों गर्भवती महिला, किशोरी बालिकाएं, धात्री माताओं टीएचआर के पैकेट भी वितरण किए आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सुपरवाइजर से खूब मोबाइल पर हॉट टॉक भी की।



### कोई परेशानी नहीं है

जब शासन ने तीन और 5 मार्च की छुट्टी घोषित कर दी है तो स्थानीय स्तर पर अधिकारी जबरदस्ती केंद्र क्यों खुलवा रहे हैं मैने सुपरवाइजर को बताया था कि गांव में लोग मंगलवार को भी होली मनाएंगे और नशे का बहाना लेकर केंद्र पर पहुंचकर नुकसान पहुंचा सकते हैं लेकिन हमारी बात नजरअंदाज की गई।

**राजकुमारी राजपूत**
**जिलाध्यक्ष आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू)**

आंगनवाड़ी पर बच्चों को पोषण आहार खिलाए जाने की व्यवस्था होती है एक दिन नहीं खाने से उनमें कुपोषण आ सकता है और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थानीय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई है इसलिए उनके केंद्र पर जाने आने में कोई परेशानी भी नहीं होना थी मंगलवार को होली भी नहीं खेली गई थी इसलिए शासन ने केंद्र खुलवाने का निर्णय लिया था।

**महेंद्र अंब**
**डीपीओ श्योपुर**

## दो पड़ोसी परिवारों में झगड़ा, लाठी डंडे चले, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** शहर के पाली रोड स्थित खरंजा रोड क्षेत्र में मंगलवार को दो पडोसी परिवार के लोगों के बीच उधारी कै पैसो के लेनदेन की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान लाठी डंडे भी चल गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में क्रॉस मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि नरेन्द्र कुमार पुत्र प्रेमचंद जैन और इन्हीं के सामने रहने वाले करन वंचौलिया के बीच उधारी के पैसो को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। मंगलवार को इसी बात को लेकर इनके बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी इतनी अधिक बढ गई कि दोनों पक्ष के लोगों के बीच लाठी डंडो से मारपीट हो गई। विवाद के दौरान एक तरफ से करन वंचोलिया घायल हो गया। वहीं दूसरी तरफ से नरेन्द्र जैन, भाभी राज कुमारी, बेटा दीपेश जैन, बंटी जैन जख्मी हो गए। इस मामले में पुलिस ने नरेन्द्र जैन की रिपोर्ट पर किशन वंचौलिया, करन और रितिक वंचौलिया के खिलाफ तथा करन वंचौलिया की रिपोर्ट पर नरेन्द्र जैन, दीपेश जैन, बंटी जैन के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

### कलयुगी बेटे ने पिता को पीटा

**श्योपुर।** घरेलू बातो को लेकर हुए विवाद के दौरान एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। यह मामला विजयपुर की रनसिंह कॉलोनी का मामला है। विजयपुर थाना पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि विजयपुर की रनसिंह कॉलोनी निवासी पवन बैरागी और उसके पिता मोहनलाल बैरागी के बीच घरेलू बातो को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद बेटे पवन बैरागी ने गाली गलौच करते हुए अपने पिता मोहनलाल बैरागी की मारपीट करते हुए उसका सिर ईट मारकर फोड दिया। जब पवन को उसकी पत्नी ने रोकने का प्रयास किया तो उसने पत्नी की भी मारपीट कर दी। पुलिस ने मोहनलाल बैरागी की रिपोर्ट पर पवन के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक आपस में टकराईं, दोनों पक्षों ने मामले कराए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत अशोकनगर रोड पर गजरा टाडा के मोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं, जिससे 5 लोगों को चोटें आई हैं। एक पक्ष की ओर से विवेक पुत्र मांगलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेड सी 0989 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक को टक्कर मार दी जिससे फरियादी और उसकी लड़की को चोटे आई हैं। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जगदीश बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडई 7443 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे फरियादी के लड़के, पत्नि और भांजे को चोटें आई हैं।

### फांसी लगाकर महिला ने की खुदखुशी

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत सुरेखा बाई पत्नि संजीव अहिरवार उम्र 23 साल निवासी ग्राम जलालपुर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने बीना रोड तलैया निवासी फूलसिंह सांसी के पास से 15 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने चंदन आदिवासी निवासी ग्राम भर्रोली के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने फतेहाबाद निवासी अरबिंद कुशवाह के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैःघरा कॉलोनी निवासी विनोद शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरूण शर्मा और आशीष शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी रचना बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति अमित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वेलई निवासी विकास लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पहलवान नायक, बंटी, नीलम नायक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ निवासी कपूरसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नेतराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नेत्रराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कपूर सिंह और बुदेंल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## गाजे बाजे के साथ होली दहन के हुए आयोजन

# अशोकनगर शहर में होली दहन से पहले भक्ति भाव से की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





होली का त्योहार अशोकनगर की सांस्कृतिक परंपरा का एक वर्षों पुराना अंग है आज भी होली दहन का आयोजन शहर के 70 से अधिक स्थानों पर किया जाएगा। होली दहन से पहले सुभाषगंज और गांधी पार्क पर महिलाएं होली की पूजा करने पहुंची। जहां पर गाजे बाजे के साथ होली दहन के आयोजन हुए, श के हर ह्रदय स्थल गांधी चैक पर भी होली दहन का आयोजन किया गया।

होली दहन के इस मौके पर अशोकनगर शहर के हर गली मोहल्ले और चैराहे पर होली दहन का आयोजन किया गया। इस बार शुभ मुहूर्त में होली दहन किया गया, यह अशोकनगर की बरसों पुरानी परंपराओं के साथ धार्मिक आस्थाओं का यह पर्व है। इस बार होली दहन के अगले दिन रंगों की होली होती थी वैसे तो होली का दहन मंगलवार को होना था किंतु इस बार मंगलवार के चंद्र ग्रहण होने के कारण होली दहन का आयोजन 1 दिन पहले किया गया है। सुभाषगंज की होली अपने आप में एक प्रसिद्ध होली है यहां का होलिका दहन का आयोजन देखने के लायक होता है। यहां महिलाएं सामूहिक रूप से हाथों में आरती की थाल लेकर पूजा करने के लिए पहुंचती हैं। घर-घर से महिलाएं यहां आती हैं और होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन से पहले यहां पूजा अर्चना की गई चारों तरफ आटी बांधी गई, शुभ मुहूर्त में होली दहन का आयोजन हुआ। होली मैया की जय के नारे भी लगाते हुए देखे गए। यहां उपस्थित लोगों को गुलाल लगाया गया, प्रसाद बांटा गया। घर-घर से लोग गेहूं की बालियां लेकर होली की सिकाई करते देखे गए। अनेक लोग गोबर से बनी मल्हारिया भी लेकर पहुंचे और उन्हें होली की आग में जलाते हुए देखा गया, बाद में यह घर ले जाएगें। यहां यह भी परंपरा है कि होली की आग या होली की राख कहै इसे अनेक लोग अपने घर ले जाते हैं कहा जाता है कि यह घर में सुख समृद्धि और संपन्नता लाती है। इस होली की अग्नि से हमारे सारे दुख और कष्ट दूर हो जाते हैं।

### 15 फीट ऊंची होलिका दहन किया गया

इसी प्रकार शहर के गांधी चैक पर भी होलिका दहन का आयोजन किया गया। यहां 15 फीट ऊंची होलिका दहन किया गया हिंदू उत्सव समिति की ओर से इस होली दहन का आयोजन किया गया था। यहां होलिका को अपनी गोद में प्रहलाद को बैठा कर देखा गया, इस होली में सिर्फ कंडे का ही उपयोग किया गया था हर वर्ष यहां इस तरह का



आयोजन किया जाता है। यहां की होली भी लोग देखने के लिए आते हैं इसके अलावा शहर में पुराने बाजार की होली भी अपने आप में प्रसिद्ध रही है। इस होली के मौके पर भी लोगों में उत्साह देखा गया। यहां भी शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया गया।

पहले एक जमाना था तब होली के जब दहन का आयोजन होता था, तब होली आयोजकों में यह होड होती थी की किसकी होली की आंच सबसे ऊपर होगी। यह स्पर्धा गंज की और पुराने बाजार की होली के बीच रहती आई थी लेकिन आप सब त्योहार बदले हुए समय के हिसाब से समाप्त हो गए हैं अब होलिका का दहन का आयोजन प्रतीकात्मक रूप से किया जाता है जिसमें लकड़ी और कंडे का उपयोग किया जाता है। पहले कभी एक जमाना था जब किसी के घर कुछ भी मिलता था लोग उसे जलाने के लिए होली की आग में रख देते थे अनेक परिवार के लोग होली का दहन का आयोजन जब तक न हो जाए तब तक जाकर रात निकलते थे। इस होलिका दहन को लेकर पूरी रात शहर में हंगामा मचता रहता था एक स्थान से दूसरे स्थान पर हुलियारे जाते हुए देखे जाते थे, लेकिन अब निर्धारित अवधि के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम हो जाता है। पहले जैसी स्थितियां अब होलिका दहन में नहीं रही सब मिलकर होली का पर्व मानते हैं शुभकामनाएं देते हैं होलिका दहन का आयोजन हमारी आस्था हमारी परंपराएं और हमारी संस्कृति का अनुभव त्यौहार है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आगामी रंगपंचमी 08 मार्च 2026 को जिले की बहादुरपुर तहसील के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेडी स्थित म.प्र.तीर्थ स्थल मां जानकी मंदिर करीला धाम पर आयोजित होने वाले वार्षिक करीला मेला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय विभागों में पदस्थ महिला अधिकारी, कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगें। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि इस वर्ष करीला मेला 08 मार्च रंगपंचमी का पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन आयोजित हो रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण की व्यवस्थाओं का दायित्व महिला अधिकारियों को सौंपा जाएगा। नारी सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। हेलीपेड से लेकर माता जानकी मंदिर दर्शन तथा मंच व्यवस्था तक की जिम्मेदारी महिला विंग की रहेगी। उन्होंने करीला मेला की तैयारियों की अंतिम रिहर्सल 05 मार्च 2026 को कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी कार्यालयों में अपडेट रखी जाए। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण लक्ष्यानुसार लगाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग की समीक्षा करते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले में सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दुर्घटना स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

बैठक में समय सीमा के लंबित पत्रों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले पत्रों,जनसुनवाई के आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित विभागीय समितियों का गठन, अग्रिम खाद भण्डारण, कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन, लखपति दीदी अंतर्गत बैकों द्वारा ऋण वितरण की प्रगति,ग्रामों में पेयजल स्त्रोतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## कविताओं पर केंद्रित कविता पोस्टर प्रदर्शनी लगाई

# जन संस्कृति मंच ने किया कविता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शनिवार को जनसंस्कृति मंच द्वारा कविता पाठ का आयोजन किया गया। रितेश जैन के मकान पर आयोजित रचना पाठ श्रृंखला में ग्वालियर के कवि राजहंस सेठ की कविताओं पर केंद्रित रहा। इस दौरान पंकज दीक्षित द्वारा राजहंस सेठ की कविताओं पर केंद्रित कविता पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री रामदुलारी शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि पंकज दीक्षित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डा. सत्यभामा राजोरिया और कबीर राजोरिया ने जनगीतों की प्रस्तुति दी, जिनमें गम की नाव चली और कबीर का पद झीनी झीनी भीनी चदरिया की प्रस्तुति दी।

राजहंस सेठ ने लगभग 25 कविताओं का पाठ किया, जिनमें संसद यदि सडक़ के प्रतिनिधियों की बात नहीं सुनेगी तो एक दिन खुद संसद में घुसकर अपनी बात मनवायेगी, कहते हैं चलो बेटी का घर बस गया पिता का घर बेटी का घर नहीं था, रोटी की होती तो मिट जाती भूख सम्मान की थी नहीं मिटी, तानाशाह की कब्र कोई और नहीं खोदता वह खुद अपने बंकर में छुपकर आत्महत्या कर लेता है, घृणा फैलती है जैसे वैसे प्रेम नहीं फैलता की प्रस्तुति दी गई। विशिष्ट अतिथि पंकज दीक्षित ने कहा कि उनकी कविताएं हमें अपने समय के महत्वपूर्ण कवि राजेश जोशी, मंगलेश डबराल, स्वप्निल श्रीवास्तव, कुमार अंबुज जैसे महत्वपूर्ण कवियों की याद दिलाती है। रामदुलारी शर्मा ने राजहंस सेठ की कविताओं के बारे में बताया कि आम आदमी की भाषा में लिखी गई है छोटी कविताएं बहुत दूर तक अपनी बात कहने में समर्थ हैं। गोष्ठी का संचालन कर रहे इकाई के अध्यक्ष हरगोविंद पुरी ने रामदुलारी शर्मा और राजहंस सेठ का परिचय और उनकी रचनात्मकता के बारे में बताया। भानुप्रकाश रघुवंशी, इकाई के सचिव जसपाल बांगा और हरगोविंद पुरी ने स्मृति चिन्ह और कविता पोस्टर देकर अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान कवि हरिओम राजोरिया, दुर्गेश भार्गव, पंकज दीक्षित, सीमा राजोरिया, विनोद कुमार शर्मा, रईस खान, देवेश जौनवार, श्यामसुंदर मुद्गल, संजयमोहन माथुर, नंदकिशोर पटवा, नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, रमेशकुमार इटोरिया, अशोक कुमार, राजेश खैरा, सत्तार खान, अरबाज खान, हरिओम श्रीवास्तव, रंजीत अहिरवार उपस्थित रहे। सचिव जसपाल बांगा ने आभार व्यक्त किया।

## कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद की बैठक में बजट और विकास कार्यों पर लगी मुहर

## अटल जी के नाम से मिलेगी शहरी बस स्टैंड को पहचान





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आज अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट सहित अन्य विकास कार्यों को परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

**बजट 2026-27 को मिली हरी झंडी** बैठक का मुख्य केंद्र आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट रहा। सदन में प्रस्तुत किए गए इस बजट पर सभी पार्षदों और सदस्यों ने चर्चा के बाद अपनी मुहर लगा दी। यह बजट शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नई सुविधाओं के विस्तार पर केंद्रित है।

**प्रमुख विकास कार्य और निर्णय** 1 पीएम आवास योजना 2.0रू प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक के तहत पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण के लिए भूमि चयन को स्वीकृति दे दी गई है।

2 गीता भवन और ऑडिटोरियमरू शासन के निर्देशानुसार शहर में गीता भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें एक भव्य ऑडिटोरियम हॉल भी बनाया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों को नया मंच मिलेगा।

3 अटल बिहारी वाजपेयी बस स्टैंडरू शहर के नवीन बस स्टैंड का नामकरण देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने का निर्णय लिया गया है।

4 मुक्तिधाम में हाई-टेक सुविधारू अशोकनगर मुक्तिधाम अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहाँ हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसकी खास बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति के परिजन विदेश या शहर से बाहर हैं, तो वे दुनिया के किसी भी कोने से लाइव अंतिम दर्शन कर सकेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह एक बड़ा कदम है।

5 स्वच्छता और अधोसंरचनारू नगरीय क्षेत्र की सड़कों की सफाई को आधुनिक बनाने के लिए ऑटोमैटिक क्लीनिंग मशीन क्रय करने की मंजूरी मिली है। साथ ही, मोहरी रोड ट्रेंचिंग ग्राउंड पर आरसीसी ह्यूम पाइप नाला और दुकान निर्माण कार्य को भी परिषद ने स्वीकृत किया है।

परिषद की बैठक का एक विशेष आकर्षण क्रिकेट के क्षेत्र में अशोकनगर का नाम रोशन करने वाले अक्षत रघुवंशी रहे। आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले अक्षत का पूरी परिषद ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**गुलाल उड़ाकर दी होली की अग्रिम बधाई** बैठक के समापन पर सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। आगामी होली के पर्व को देखते हुए सभी पार्षदों और परिषद के साथियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। परिषद की इस बैठक में हमने शहर के चहुंमुखी विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता दी है। चाहे वह आवास योजना हो या मुक्तिधाम में तकनीक का समावेश, हमारा लक्ष्य अशोकनगर को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बना।

# जीवाजी पब्लिक स्कूल में होली का उल्लास रंगों के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नईसरायं के स्थानीय जीवाजी पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

### रंगों से सजे मासूम चेहरे

स्कूल ड्रेस में सजे बच्चों के चेहरों पर जब गुलाबी, लाल और पीले गुलाल लगे, तो पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूब गया। बच्चों ने हाथ उठाकर और ष्होली हैष के जयकारों के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। अनुशासन के साथ-साथ बच्चों के बीच का यह प्रेम और उत्साह देखने लायक था।



### परंपरा और संस्कार का संगम

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन टीम के सदस्य अशोक यादव, हिमानी शर्मा ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुँचे। उन्होंने बच्चो को बताया कि होली का त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत और आपस में प्रेम से रहने की सीख देता है। स्कूल में इस तरह के आयोजनों से बच्चों में हमारी संस्कृति के प्रति जुड़ाव पैदा होता है।

## इस बार सूखे रंगों से खेली जाएगी होली, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा

# शहर में जगह-जगह रंग और गुलाल के स्टॉल सजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





रंगों की होली का पर्व इस बार 3 मार्च को ग्रहण पड़ने के कारण एक दिन बाद बुधवार को मनाया जाएगा। होली के इस त्यौहार को लेकर शहर के लोग रंगों की होली का उत्सव मनाने के लिए तैयार है। इस बार लोग सूखे रंगों से होली का त्यौहार मनाएगें, जिसे देखते हुए लोगों में उत्साह उमंग है। इस बार भी शहर के चैराहों पर रंग, गुलाल के स्टॉल और दुकानें सजीं है। कई जगह बच्चों को पिचकारिया भी खरीदते हुए देखा गया। होली का यह पर्व उत्साह उमंग और सद्भावना के साथ मनाया जाएगा।

होली के इस पर्व को लेकर अशोकनगर शहर के युवाओं में बच्चों में और युवतियो में उत्साह है। युवाओं बच्चों और युवतियां की टोलियां यह पर्व मनाने के लिए तैयार है। लोग एक दूसरे के घरों पर जाकर यह रंगों की होली का त्यौहार मनाते हैं फिर जिसको रंगा जाता है उसको भी साथ में लेकर जाते हैं। बच्चों के बीच सुबह से रंगों की होली का त्यौहार शुरू हो जाता है जो पूरे दिन चलता है। इस त्यौहार की खास बात यह है कि लोग एक दूसरे को जो परिचित हैं उन्हें ही रंग लगाते हैं और होली खेलते हैं जैसे-जैसे समय बदल रहा है वैसे-वैसे होली के त्यौहार में अंतर आता जा रहा है अब लोग कीचड़, मिट्टी आदि से होली नहीं खेलते। अब तो रंगों की भी कमी आती जा रही है अब रंगों का स्थान प्राकृतिक गुलाल में ले लिया है। यह गुलाल टीका लगाने के काम आती है और होली का पर्व मनाया जाता है। होली के पर्व पर पूरे शहर में जगह रंगों की दुकान कम गुलाल की दुकान अधिक लगी है।

**रंग का स्थान गुलाल और सूखे रंगों ने लिया:** जैसे-जैसे समय बदला है वैसे-वैसे रंगों की मांग भी कम होती जा रही है और पिचकारी की मांग भी घट रही है। पिचकारी विक्रेता रमेश जैन ने बताया कि अब 25 प्रतिशत होली के रंग ही उपयोग में लाए जाते हैं 75 प्रतिशत स्थान गुलाल ने ले लिया है। अब गुलाल ही अधिक उपयोग होती है जिसको जैसे रंग की गुलाल चाहिए वैसी गुलाल मिल जाती है। गुलाल में भी प्राकृतिक रंग उपयोग में लिए जाते हैं। पिचकारियों की बात करें तो बंदूक वाली पिचकारी गन, टैंक और ब्रोड वाली पिचकारी भी बाजार में है। महंगे दामों की पिचकरिया होली के बाजार में बिक रही है। यह पिचकारी सिर्फ बच्चों तक सीमित रह गई है।

### पहले कढाहा में रंग भरा जाता था गेर भी निकलती थी

अशोकनगर की होली की बात करें तो पहले सामूहिक रूप से पूरे शहर में होली का पर्व मनाया जाता था। एक बड़ी कढ़ाई में रंग भर जाता था और शहर में लोग एक साथ निकलते थे जो भी रास्ते चलते मिलता था उसे गहरे रंग से रंगा जाता था। जिनके यहां शोक की पहली होली होती है। वह उनके यहां पहुंच कर गुलाल का टीका लगाते हैं और होली का पर्व मनाते हैं। जिन युवतियां की शादी इस बार हुई है और उनका होली का पर्व पहला है वह युवतिया मायके में ही होली का पर्व मानती है। होली के पर्व की शुरुआत पंचमी तक चलती है। होली दहन से ही पर्व शुरू होता है और पंचमी तक चलता है। कभी शहर में होली के पर्व पर गैर भी निकलती थी लेकिन अब गैर नजर नहीं आती।